Email ID- doupjnr.sambhal@gmail.com

कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बबराला रोड़ निकट एस.आर. पेट्रोल पम्प बहजोई (सम्भल) पिन– 244410

पत्रांक 328 / बैठक / 03 दिनांक 18-09-2026

सेवा में,

राज्य समन्वयक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय : **दिनांक 20.09.2026 को अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ की अध्यक्षता में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन तथा उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) से संचालित योजनाओं के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक राज्य समन्वयक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक में 2164/jjm/WQ-2/25-26 दिनांक 12.08.2026 के माध्यम से दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है:–

बिन्दु संख्या	अनुपालन आख्या
जनपद के नोडल अधिकारी, द्वारा अवगत कराया गया है कि **बुद्धनगर खन्डुआ पेयजल योजना** ग्राम जलकल परिसर पूर्ण रूप से विकसित नही किया गया है, आटोमेशन इंटिग्रेशन नही हुआ है, फायर हाइड्रेंट नही लगा है, वाटरलेवल इंडिगेटर कार्य नही कर रहा।	बुद्धनगर खन्डुआ पेयजल योजना में जलकल परिसर, फायर हाइड्रेंट, आटोमेशन इंटिग्रेशन का कार्य भी पूर्ण करा दिया गया है, वाटरलेवल इंडिगेटर का कार्य प्रगति पर है।(फोटो संलग्न)
फत्तेहुपर डाल पेयजल योजना पर जलकल परिसर पूर्ण रूप से विकसित नही किया गया है, डी0जी0 सेट क्रियाशील नही है, पेयजल आपूर्ति में पेशर कम है, दो स्थानों में पाइपलाइन से लिकेज पाया गया जिसे सही किये जाने की आवश्यकता है, वाटरलेवल इंडिगेटर कार्य नही कर रहा,	फत्तेहपुर डाल पेयजल योजना में जलकल परिसर पूर्ण रूप से विकसित कर दिया गया है, डी0जी0 सेट भी क्रिया शील है, पेयजल आपूर्ति लीकेज होने के कारण प्रेशर कम था लीकेज की मरम्मत करा दी गयी है, वाटर लेवल इंडिगेटर का कार्य प्रगति पर है। (फोटो संलग्न)
खटैटा पेयजल योजना पर पेयजल आपूर्ति में पेशर कम है, डी0जी0 सेट क्रियाशील नहीं है, योजना में स्थापित साइन बोर्ड आस्पष्ट एवं छतिग्रस्त है, लाइटनिंग अरेस्टर की स्ट्रिप ओ0एच0टी0 पिलर से क्लैम्प नही है।	खटैटा पेयजल योजना में पेयजल आपूर्ति लीकेज होने के कारण प्रेशर कम था लीकेज की मरम्मत करा दी गयी है, साइन बोर्ड मरम्मत कर पेन्ट करा दिया गया है, डी0जी0 सेट भी क्रिया शील करा दिया गया है, लाइटनिंग अरेस्टर की स्ट्रिप ओ0एच0टी0 पिलर से क्लैम्प करा दिया गया है (फोटो संलग्न)

संलग्नक उपोक्तानुसार

भवदीय

(अमित कुमार राजपूत)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वाच्छता मिशन लखनऊ।
2– अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद।
3– सम्बन्धित फर्म को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

फोटो संलग्नक– 1 खटैटा पेयजल योजना



फोटो संलग्नक– 1 फत्तेहपुर डाल पेयजल योजना



Scanned with CamScanner